Dainik Jagran
New Delhi, 29 June 2019

महान राष्ट्रपति के जीवन का सफर

रीडर्स कॉर्नर



'विंग्स ऑफ फायरः एन ऑटोबायोग्राफी ऑफ एपीजे अब्दुल कलाम' भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की आत्मकथा है। उन्होंने अरुण तिवारी के साथ मिलकर यह किताब लिखी थी। यह हिंदी में 'अग्नि की उड़ान' नाम से उपलब्ध है। इसमें अब्दुल कलाम के बचपन से लेकर लगभग 1999 तक के जीवन सफर के बारे में बताया गया है। यह मूल रूप से अंग्रेजी में प्रकाशित हुई और 13 भाषाओं में अनूदित हो चुकी है। इसमें डॉ. कलाम के बचपन, शिक्षा और शुरुआती कार्यजीवन के बारे में सरल शब्दों में बताया गया है। कितनी कठिन परिस्थितियों में उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की और देश के जाने-माने वैज्ञानिक बने, लेकिन कभी आत्मविश्वास नहीं खोया, यह जानकर आप भी प्रेरित होंगे। स्कूल खुलने से पहले इस किताब को पढ़ना आपके लिए माइंड बूस्टर का काम करेगा।